# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांकः BRLPS/LSBA/Estt/30/17/204 दिनांकः 12/06/2018

प्रेषकः

**राजीव कुमार सिंह, बि0 प्र0 से0**
प्रशासी पदाधिकारी–सह–राज्य मिशन समन्वयक
लोहिया स्वच्छ बिहार, अभियान, पटना।

सेवा में,

**उप विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति
सीतामढ़ी एवं रोहतास।

**विषयः जिलों में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंर्तगत किये जाने वाले कार्यो में आवश्यक प्रगति हेतु राज्य स्तरीय टीम द्वारा क्षेत्रभ्रमण किये जाने के संबंध में।**

महाशय,

राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च 2019 तक सम्पूर्ण राज्य को खुले में शौच से मुक्त, करने का महत्वकाक्षीं लक्ष्य रखा गया है। बिहार सरकार के सात निश्चय में शौचालय निर्माण घर का सम्मान एक महत्वपूर्ण निश्चय है जिसकी सफलता का राज्य के विकास की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

वर्त्तमान में इस अभियान को सफल बनाने की दिशा में जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर सामुहिक प्रयास किये जा रहे हैं तथा इसके आशाजनक परिणाम भी आये हैं।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में निदेशानुसार सूचित करना है कि दिनांक 13/06/2018 तक उल्लेखित जिलों में राज्य स्तरीय टीम द्वारा क्षेत्रभ्रमण कर आवश्यक प्रगति हेतु कार्य किया जाना है।
भ्रमण के दौरान निम्नांकित बिंदुओं पर विशेष बल दिया जायेगाः–

1. खुले में शौच मुक्त ग्रामों का भौतिक सत्यापन एवं आवेदनों की जांच
2. जिला स्तर पर किये जा रहे IMIS डाटा अपलोड की जानकारी एवं सुझाव
3. आई0 ई0 सी0 गतिविधियों की जानकारी एवं प्रभाव का आकलन
4. लाभार्थी भुगतान एवं Geo-Tagging की अद्यतन स्थिति की जानकारी

उक्त भ्रमण हेतु जिलावार टीम इस प्रकार हैः–

| क्रम संख्या | जिला का नाम | क्षेत्र भ्रमण की तिथि | नामित पदाधिकारियों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | **सीतामढ़ी** | 13.06.2018 | मनीष कुमार /तरुण कुमार रंजन एवं रणधीर कुमार |
| 2. | **रोहतास** | 13.06.2018 | कौशलेन्द्र कुमार सिन्हा/ मंयक कुमार मून एवं डॉ झिनुक राय |

जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अन्य सभी सलाहकार (SLWM/CB &IEC/MLE and MIS) अपने स्तर टीम को भ्रमण के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान करेगे, साथ ही सभी राज्य स्तरीय नामित पदाधिकारियों के आवासन हेतु आवश्यक व्यवस्था करने की कृपा करेगें।

विश्वासभाजन

12/6/18

(राजीव कुमार सिंह)

**प्रतिलिपि**: जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, सीतामढ़ी एवं रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**: निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण–सह–सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति सीतामढ़ी एवं रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**: जिला पदाधिकारी--सह--अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति सीतामढ़ी एवं रोहतास को सूचनार्थ प्रेषित।

12/6/18

(राजीव कुमार सिंह)